प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म के विरोध में रिम्स के जूनियर डॉक्टर और आईएमए की संयुक्त बैठक आज, कल ओपीडी सेवा चालू करेंगे या नहीं इस पर लेंगे निर्णय।
2. भारतीय चिकित्सा संघ ने स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए प्रधानमंत्री से कानून लाने की मांग की; केंद्र सुरक्षा उपायों के लिए समिति बनाएगा।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद पाकुड़ जिले की 57 हजार 120 महिलाओं के खाते में एक–एक हजार रुपये हस्तांतरित कर झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की करेंगे शुरुआत।

और

4. रांची यूनिवर्सिटी के कॉलेजों में इंटर में एडमिशन के लिए 24 अगस्त से खुलेगा पोर्टल, एबीवीपी के प्रदर्शन के बाद कुलपति के आदेश से निकली अधिसूचना।

****

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की पीजी की छात्रा से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में हड़ताल पर गए रिम्स के जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन और झारखंड आईएमए की संयुक्त बैठक होगी। इस बैठक में हड़ताल पर फैसला लिया जाएगा कि रिम्स में ओपीडी और रूटीन सर्जरी की सेवाएं कराई जाए या नहीं। इधर रांची में घटना के विरोध में डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने दोषियों के विरूद्ध जल्द कार्रवाई की मांग को लेकर आईएमए हॉल से करमटोली चौक तक शांति रैली निकाली। वहीं रामगढ़ जिले में भी डॉक्टरों ने रैली निकालकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

****

इस बीच इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग की है ताकि स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाया जा सके। संघ की मांग है कि अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था हवाई अड्डे जैसी होनी चाहिए। श्री मोदी को लिखे पत्र में संघ ने कहा है कि अस्पताल में दुष्कर्म मामले की जांच निश्चित समय–सीमा के भीतर पूरी की जानी चाहिए और पीड़ित पक्ष को शीघ्रता से न्याय मिलना चाहिए। संघ ने पीड़िता के परिवार के लिए उचित मुआवजे की भी मांग की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन देते हुए उनसे व्यापक जनहित में कार्य पर लौटने का आग्रह किया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से कुछ देर बाद पाकुड़ जिले की 57 हजार 120 महिलाओं के खाते में एक–एक हजार रुपये हस्तांतरित कर झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की शुरुआत करेंगे। मुख्यमंत्री करोड़ो रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन के साथ परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। और जानकारी के साथ हमारे पाकुड़ संवाददाता–

****

रांची में ट्रांसफॉर्मर लोड घटाने के लिए 800 अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे वहीं शहर में 548 करोड़ रुपए की लागत से चार हजार किलोमीटर खुले बिजली की तारों की जगह कवर्ड तार लगाए जाएंगे। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के जीएम पीके श्रीवास्तव ने बताया कि एबी केबल लगाने से उपभोक्ताओं को सबसे अधिक राहत मिलेगी।

****

जेएसएससी झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आयोजन के लिए राज्य के सभी जिलों में कुल 750 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 21 और 22 अगस्त को होने वाली इस परीक्षा में लगभग साढ़े छह लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे।

****

रांची विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेजों में इंटर में दाखिले के लिए 24 अगस्त से पोर्टल खुलेगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा विश्वविद्यालय में हंगामे के बाद कुलपति के आदेश से रजिस्ट्रार ने दाखिले हेतु पोर्टल खोलने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। इस आदेश के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोर्ट से याचिका वापस लेने की घोषणा की है।

****

लातेहार जिले के आवासीय विद्यालय नेतरहाट में इआरपी सॉफ्टवेयर अब काम करने लगा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

सावन माह की आखिरी सोमवारी और राखी का त्यौहार को लेकर कल राज्यभर के शिवालयों में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। देवघर के बाबा वैद्यनाथ मंदिर, दुमका के बासुकीनाथ, रांची के पहाड़ी मंदिर और खूंटी के आम्रेश्वर धाम में विशेष तैयारी की गई है।

****

मौसम विभाग ने आज और कल राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। रांची स्थित मौसम केंद्र के निदेशक ने बताया कि झारखंड में अब तक बारिश सामान्य वर्षापात से थोड़ी कम है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा और गुमला समेत आसपास के जिलों में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, कल राज्य के अधिकांश हिस्सों में गर्जन और वज्रपात की भी आशंका व्यक्त की है।

********समाप्त****************